02/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

ईरान, इज़राइल और अमेरिका की मिली-जुली सेनाओं द्‌वारा मिसाइल और ड्रोन हमलों की एक नई लहर शुरू होने से, वेस्ट एशिया में टकराव और बढ़ गया है। ईरान और ईरान के समर्थन में मिलिशिया ने इज़राइल और खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं, जबकि इज़राइल और अमेरिका ने ईरान में अपने लक्ष्यों पर बमबारी की। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने कहा है कि वे ईरान के हमलों का मुकाबला करने के लिए अमेरिका का साथ देने को तैयार हैं, और खाड़ी देशों के द्‌वारा कहा गया है कि, उनके पास ईरानी हमलों का जवाब देने का अधिकार भी है। बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने प्रण लिया है कि, ईरान अमेरिका के साथ बातचीत को कतय तैयार नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने हाल ही में हुए अमेरिकी एयर स्ट्राइक की कड़ी निंदा की है जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई मारे गए थे।

0000000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि देश की निर्माण प्रक्रिया में IAS अधिकारियों की अहम भूमिका होति है और उन्हें देश भर में सुशासन को मज़बूत करने के लिए विभागों की सीमाओं से कई ऊपर

उठना होगा। स्टेट सिविल सर्विसेज़ और लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेशन में एक सौ अट्ठाइसवें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल हुए अधिकारियों ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि अब उनके पास ऐसी ज़िम्मेदारियाँ हैं जो ज़िले या राज्य की प्राथमिकताओं से कहीं ज़्यादा हैं।

000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और कनाडा जीवंत लोकतांत्रिक देश हैं, दुनिया की दो बड़ी इकॉनमी हैं और दोनों ही समाज साझा मूल्यों पर आधारित हैं। आज नई दिल्ली में इंडिया-कनाडा CEOs फोरम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र, विविधता और विकास दोनों देशों को प्राकृतिक भागीदार के तौर पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बदलाव के पीछे मज़बूत घरेलू मांग, युवा आबादी, बड़े पैमाने पर निवेश और डिजिटल टेक्नोलॉजी की ताकत है। उन्होंने कहा कि यह लगातार तेज़ी से चल रहे रिफॉर्म एक्सप्रेस का नतीजा है।

000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज डी.के. कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय पुलिस अधीक्षकों एवं कमांडेंट सम्मेलन को संबोधित करते हुए मजबूत आंतरिक सुरक्षा और तकनीक आधारित पुलिसिंग की आवश्यकता पर बल दिया। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि विकास और कानून एवं व्यवस्था साथ-साथ चलने चाहिए, उन्होंने साइबर क्षमता, डिजिटल फोरेंसिक और आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल को मज़बूत करने की अपील की। उन्होंने सज़ा की दरें बेहतर करने के लिए कानून एवं न्यायपालिका विभाग के साथ समनवय करने की अपील भी की। सीमा प्रबंधन को संबोधित करते हुए, उन्होंने म्यांमार सीमा और डिजिटली अपग्रेडेड इनर लाइन परमिट सिस्टम के माध्यम से गैर-कानूनी प्रवासियों को रोकने के लिए सक्रीय कदम उठाने की अपील की।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के पापुम पारे, अपर सियाङ, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, दिबाङ वैली, आंजाव, लोहित, चाङलाङ और तिराप जिले के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आगामी छः से आठ मार्च तक ईटानगर स्थित TNZ सिनेमास में तीन दिवसीय फिल्म महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इसमें कहानोयों पर सत्र, पैनल चर्चा, कार्यशालाएं और फिल्म निर्माताओं से संवाद कार्यक्रम शामिल होंगे। इवेंट का उद्देश्य पूर्वोत्तर विशेषकर अरुणाचल प्रदेश से उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के साथ ही रचनात्मकता प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने फिल्म प्रेमियों और छात्रों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के आदी जनजाती के कलाकार संघ ने पासीघाट के नापित में अपना प्रथम स्थापना दिवस और वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर दस प्रमुख पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतिष्ठित "तालुत मिजे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड" से वरिष्ठ कलाकार गुनि पर्तिन को आदी संगीत में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने उन्नीस सौ उनहत्तर में अपने संगीत सफर की शुरुआत कर **दोन्यी अ सादाक आङगोङ** नामक गीते से प्रसिद्धी प्राप्त की।

0000000000000000000000

राज्य की सीनियर पुरुष काटा टीम के आबाब साङदो, जॉन साङदो, ख्योदा तालिक और ताई बेङदे ने रविवार को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में समपन्न हुई पांचवीं KIO U-21, सीनियर और पैरा-कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किए। मशहूर कराटेका जॉनी मांगखिया ने सीनियर महिला अड़सठ किलोग्राम भारवर्ग में व्यक्तिगत कुमिते में स्वर्ण पदक जीता। वहीं लिपिन एटे ने U-21 महिला वर्ग में व्यक्तिगत काटा में कांस्य पदक अपने नाम किया। अरुणाचल प्रदेश एमेच्योर कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष यारदा निकी और जनरल सेक्रेटरी जॉन बागांग ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी है।

0000000000000000000000